सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6160	26.05.2021	27.05.2021	Delhi	Amar Ujala Hindi Newspaper 26th May, 2021/Page No. 02
Title:	**25 dengue and four chikungunya cases confirmed in Delhi**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to SSU-Delhi			

नई आफत ने पकड़ी रफ्तार: दिल्ली में डेंगू के हुए 25 मरीज, 2013 के बाद सबसे अधिक मामले

कोरोना के प्रकोप के बीच मच्छरजनित बीमारियों ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दी है। यही वजह है कि पिछले एक सप्ताह में डेंगू के चार व चिकनुगनिया का एक नया मामला सामने आया है। इससे अब तक इस वर्ष डेंगू के कुल 25 व चिकनगुनिया के कुल चार मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, मलेरिया के कुल अब तक आठ मामले सामने आए हैं। इस सप्ताह एक भी नया मामला नहीं मिला है। डेंगू के कुल आंकड़े वर्ष 2013 के बाद से सबसे अधिक है।

निगम की रिपोर्ट के मुताबिक, डेंगू के मरीजों में दक्षिणी निगम में कुल दो, उत्तरी निगम में एक व एक के पते की पुष्टि नहीं हुई है। चिकनगुनिया का एक मरीज दक्षिणी निगम के इलाके से है। अब तक चार मरीजों में से दो दक्षिणी निगम व दो मरीजों के पते की पुष्टि विभाग नहीं कर

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सका है। इस सप्ताह मलेरिया का नया मामला नहीं मिलने से थोड़ी राहत है, लेकिन अब तक के आंकड़ों में दो पूर्वी निगम व एक उत्तरी निगम और चार दक्षिणी निगम से है।

निगम के अधिकारी के मुताबिक, मई में अधिक मामलों के पीछे कोरोना व लॉकडाउन भी कारण है। क्योंकि, डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर(डीबीसी) कर्मचारी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दूसरी ओर लगातार हुई बारिश की वजह से मच्छरों को पनपने का मौका मिल रहा है। लोग भी घरों के आसपास लापरवाही बरत रहे हैं और पानी जमा हो रहा है। इस वजह से मच्छरों के पनपने की अनुकूल स्थितियां बन रही हैं।

हालांकि, निगम एसएमएस के जरिए लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने घरों की छतों पर व आसपास पानी जमा न होने दें। इसे लेकर अभी तक दक्षिणी निगम ने पांच लाख संदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा निगम ने 5891 नोटिस जारी किए हैं। इसमें पूर्वी निगम ने 1800, दक्षिणी निगम ने 1764 व उत्तरी निगम ने 2325 नोटिस जारी किए हैं। तीनों नगर की ओर से कुल 291 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है।

मई के तीसरे सप्ताह तक की बात करें तो वर्ष 2013 में डेंगू के कुल सात मरीज थे। इसके बाद से वर्ष 2106 तक यह आंकड़ा 10 तक ही पहुंचा था। वर्ष 2017 से लेकर 2020 तक मई में 18 तक ही मरीज पहुंचे थे। इसके बाद अब तीसरे सप्ताह तक 25 मरीज हुए हैं।